कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

रागयढ़ के लोगों को मिलेगी उद्यान व एसएलआरएम सेंटर की सौगात–अग्रवाल

0 निगम क्षेत्र के अंतर्गत गार्डन व एसएलआरएम सेंटर निर्माण का हुआ उद्याट्न

शहर के लोगों को सफाई के साथ सुंदर पर्यावरण वातावरण की सौगात मिलेगी। अब कचरे का भी सद्उपयोग होने के साथ एक और उद्यान में सैर–सपाटे के लिए शहरवासियों को मिलेगा।

उक्त बातें रविवार की सुबह बड़े रामपुर व अतरमुड़ा में एसएलआरएम सेंटर व उद्यान निर्माण कार्य के भूमिपूजन करते हुए विधायक श्री रोशन

लाल अग्रवाल ने कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि उद्यान में एक ओर जहां हरा–भरा वातावरण निर्माण हओगा, वहीं एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से शहर से निकलने वाले कचरे का विधिवत निबटान होगा। इससे शहर में स्वच्छ वातारवरण के साथ हरियाली का माहौल भी शहर में कायम होगा। माननीय महापौर मधु बाई ने कहा कि अतरमुड़ा में लगभग 40 लाख व करीब 25 लाख की लागत से बड़े रामपुर में एसएलआरएम सेंटर का निर्माण होगा। दोनों ही निर्माण शहर के स्वास्थ्य को लेकर है। उद्यान निर्माण से हरियाली आएगी, वहीं एसएलआरएम सेंटर के निर्माण से कचरा संग्रहण कर उससे आय प्राप्त करने की दिशा में पहल होगी। सभापति श्री शेख सलीम नियारिया ने कहा कि दोनों निर्माण कार्य शहर की जनता के महत्वपूर्ण और प्रभावशाली है। इससे स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों का लाभ निगम क्षेत्र के वासियों को मिलेगा। आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने दोनों ही निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। श्री पाण्डेय ने कहा कि अम्त मिशन योजना के अंतर्गत उद्यान निर्माण के शहर में जमीन की तलाश की जा रही थी, जो उतरमुड़ा में आकर खत्म हुआ। इसी तरह मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में एसएलआरएम सेंटर का निर्माण होना है। इसके लिए विधिवत टेंडर जारी कर दिए गए हैं, जल्द ही सभी एसएलआरएम सेंटर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा–अर्चन कर श्रीफल फोड़ा गया और गैंती चलाकर कार्य का उद्याट्न किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 27 के पार्षद श्री राजेंद्र ठाकुर, वार्ड 8 श्रीमती विजय लक्ष्मी राव, एमआईसी सदस्य श्री रामकृष्ण खटर्जी, श्री डालमिया, उपअभियंता श्री राजेंश पंडा सहित बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी–कर्मचारी व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।